भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1686
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 02, मार्च 2020
12 फाल्गुन, 1941 (शक)

बाणासुर किले का संरक्षण

1686. श्रीमती रंजीता कोली:

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राजस्थान के भरतपुर जिले के बयाना क्षेत्र में स्थित द्वापरयुगीन भव्य बाणासुर किले का संरक्षण कार्य भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत नहीं आता है;
(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार ने इसे एक पर्यटक स्थल के रूप में चलाने के लिए इसके रख-रखाव कार्य करने हेतु संस्कृति और पर्यटन विभाग के साथ कोई चर्चा की है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी अंतिम परिणाम क्या रहे हैं;

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख): राजस्थान के भरतपुर जिले में स्थित 'अपने स्मारकों सहित प्राचीन किला (बयाना)' भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के क्षेत्राधीन एक संरक्षित स्मारक है।

(ग) और (घ): ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, इस किले का संरक्षण कार्य भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है और यह भली-भांति परिरक्षित है।